दिनांक 21.08.2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में नंबर- 01 आने की तैयारी में जुटा भिलाई निगम

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में भिलाई को नम्बर-01 बनाने स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदण्डो के तहत् कार्य करने के लिए अधिकारी को निर्देश दिये हैं जिसके तहत् स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी आर0के0 साहू ने समस्त जोन आयुक्त को निर्देशित किया है कि समस्त सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालय की स्थिति बेहतर हो किसी भी प्रकार की असुविधा शौचालय में उपयोग करने वालों को न हो इसके लिए शौचालयों की सीट एवं मूत्रालय हमेशा साफ एवं उपयोग योग्य होना चाहिए, वाश बेसिन व फर्श साफ सुथरा रहे। शौचालय में आइना, कूड़ादान हो तथा उसकी सफाई भी नियमित होना चाहिए। वहीं अन्य ढांचागत् सुविधाआंे में जल की उपलब्धता, हाथ धोने के लिए साबुन, पानी और नल होना सुनिश्चित किया जाए। सभी प्रकार के मौसम को देखते हुए शौचालय हवादार, रोशनदार या एग्जाॅस्ट पंखा हो तथा लाइट की उचित व्यवस्था होना चाहिए। स्वच्छ भारत मिशन के तहत् सभी शौचालयों में महिलाओं व पुरूषों के लिए पृथक-पृथक प्रवेश द्वार होना चाहिए। इसके अलावा दिव्यांग व निःशक्तजनों हेतु रैंप, व सीढ़ियो की व्यवस्था आवश्यकतानुसार की जाए। राहगीरों को शौचालय की जानकारी दूर से प्राप्त हो सके इसके लिए संकेतक चिन्ह शौचालय के समीप निश्चित दूरी पर लगे होने चाहिए।

जनसम्पर्क अधिकारी